तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026

14 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटर ...



12 मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार...





## खबर संक्षेप

### सिसकोल कंपनी में हादसा क्रेन ऑपरेटर की मौत

**भिलाई।** सिसकोल कंपनी में बड़ा हादसा हो गया। जहां क्रेन ऑपरेटर की काम के दौरान मौत हो गई। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार की सुबह की है। हथखोज स्थित सिसकोल कंपनी में क्रेन ऑपरेटर के रुप में लेखुराम उर्फ लेखराम कौशल काम करता था। सुबह लेखूराम ओवरहेड क्रेन की मदद से भारी लोहे के प्लेट को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसफर कर रहा था। अचानक क्रेन का संतुलन बिगड़ने से लोहे के प्लेट स्लिप होकर लेखुराम के ऊपर जा गिरा। घटना में लेखुराम को शरीर पर गंभीर चोटें आईं। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का जांच कर कर्मियों से पूछताछ भी किया गया। लेकिन हादसे का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। लापरवाही या तकनीकी खामियों के कारण हाससा हुआ होगा। लेकिन पुलिस जांच के बाद भी हादसे का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 9.66 लाख के जुआ के अड्डे में दबिश 21 जुआरी पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई।** लंबे समय से जुआ का अवैध कारोबार चल रहे मकान में पुलिस ने दबिश देकर 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने कुल 9.66 लाख रुपए के सामान, 10 बाइक और 35 मोबाइल बरामद किया है। मौके से पुलिस ने नगदी 1.91 लाख रुपए, ताश पत्ती मिला है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नंदिनी स्थित ग्राम रवेलीडीह में टीकाराम वर्मा के मकान में हारजीत का दांव लग रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर मकान में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने जुआ खेल रहे बोडेगांव निवासी सोहन देवांगन, सूरडंग कमलेश्वर सिंह, दुर्ग धनराज चदीवार, स्मृति नगर प्रशांत वर्मा, खुर्सीपार सुकेश नंदा, कोहका नयन साहू, नगपुरा संतोष सेन, जसवंत गोस्वामी, धमेन्द्र कुमार सिन्हा , सुरडुंग संतोष शुक्ला, वैशाली नगर मोहित वर्मा, खपरी चेतन शर्मा, रामपुर प्रवीण सिंह, बिजली आफिस के पीछे हाउसिंग बोर्ड जामुल भिलाई दुखीराम वैष्णव, कोहका ध्रुव कुमार सोनी, दुर्ग दिनेश सोनी. जामुल मोहित जायसवाल, स्मृति नगर विक्की साहू, नगपुरा प्रकाशदास गोस्वामी, जामुल प्रकाश निर्मलकर, कोहका हिमांशु निषाद को पकड़ा गया। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# पाटन सपूत मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को अति विशिष्ट सेवा पदक मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ की धरती एक बार फिर गौरवान्वित हुई है। दुर्ग जिले के पाटन निवासी और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को भारत सरकार द्वारा देश के प्रतिष्ठित सैन्य अलंकरणों में से एक 'अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में उनके असाधारण, विशिष्ट और अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा का बेमेतरा जिले से भी पारिवारिक नाता है। वे क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय महेश तिवारी के दामाद हैं। इस उपलब्धि की खबर मिलते ही पूरे दुर्ग–भिलाई–बेमेतरा अंचल सहित छत्तीसगढ़ में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया है। जनप्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों और आम नागरिकों ने इसे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया है। अति विशिष्ट सेवा पदक, मेजर जनरल शर्मा को प्राप्त होने वाला चौथा विशिष्ट सैन्य अलंकरण है। इससे पूर्व वे दो बार सेना मेडल और एक बार विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित हो चुके हैं। यह सम्मान उनकी दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवाओं, नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान

### छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण

मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को मिला यह सम्मान यह सिद्ध करता है कि छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की सुरक्षा और सम्मान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। उनकी इस उपलब्धि पर पाटन, दुर्ग और बेमेतरा क्षेत्र में नागरिकों, पूर्व सैनिकों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे छत्तीसगढ़ की धरती के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया है।



### सेना मुख्यालय से अंतरराष्ट्रीय मंच तक प्रभावशाली भूमिका

इससे पूर्व मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा सेना मुख्यालय, नई दिल्ली में अतिरिक्त महानिदेशक , कैपेबिलिटी डेवलपमेंट के पद पर कार्यरत रहे। इस भूमिका में उन्होंने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण, भविष्य की युद्ध तैयारियों और दीर्घकालिक क्षमता विकास की रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा वे राम डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनका अनुभव अत्यंत प्रभावशाली रहा है। वे फ्रांस की राजधानी पेरिस में भारत के रक्षा अताशे के रूप में तैनात रहे, जहाँ उन्होंने भारत-फ्रांस के साथ-साथ बेल्जियम, नीदरलैंड्स और लक्ज़मबर्ग के साथ रक्षा सहयोग और सैन्य कूटनीति को नई दिशा दी। इसी कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस की चार आधिकारिक यात्राओं के दौरान सुरक्षा, समन्वय और रक्षा से जुड़े अहम दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

## कार्यक्रम : बीएलओ सम्मानित, नव मतदाताओं को मिले ईपीआईसी कार्ड

# मेरा भारत, मेरा वोट थीम पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में "मेरा भारत, मेरा वोट" थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोजानंद दास रहीं, जबकि अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री प्रेमलता पदमाकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता कोशिमा रावटे एवं अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), नव मतदाता एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त का संदेश वाचन किया गया, जिसमें मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता तथा नागरिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित 1-1 मिनट की जागरूकता शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इन फिल्मों के माध्यम से मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया, गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारीपूर्वक मतदान करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 37 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र के साथ रु 5000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। विधानसभा क्षेत्रवार जिन बीएलओ को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया, उनमें सनत कुमार सिन्हा, विनोद ठाकुर, ज्योति प्रकाश साहू, नीलम, ऊषा बाई, प्रदीप साहू, सेलराम पाल, संतराम ध्रुव एवं कुमार बंजारे शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा नव पंजीकृत मतदाताओं को ईपीआईसी कार्ड एवं बैज प्रदान किए गए। इनमें तुषार वर्मा, केशराज वर्मा, प्रीतम वर्मा, शैलेश वर्मा एवं बलराम यादव शामिल रहे। साथ ही 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 35 अन्य बूथ लेवल अधिकारियों, जिनमें रमेश कुमार, प्रतिमा ठाकुर, संतोषी वर्मा सहित अन्य शामिल हैं, को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मतदाताओं से किसी भी प्रकार के दबाव अथवा प्रलोभन से दूर रहकर निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन ▶▶| शेष पेज 12 पर

# गांजा तस्करी में शामिल आरोपी गिरफ्तार 25 किलो 890 ग्राम गांजा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- चौकी देवरबीजा पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- लिस टीम के अधिकारियों और स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान

साइबर सेल बेमेतरा एवं चौकी देवरबीजा पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते दिनों पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा, वाहन, मोबाइल एवं नगद राशि जब्त की थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी जागेश वर्मा उर्फ जम्बो (उम्र 31 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 15 नयापारा, बेमेतरा के कब्जे से वाहन क्रमांक सी जी 25 एन 3508 में रखे 20 पैकेट गांजा, कुल वजन 25 किलो 890 ग्राम, जिसकी अनुमानित कीमत 3,88,350 रुपये है, जब्त किया गया था । इसके साथ ही एक कार (कीमत लगभग 10 लाख रुपये), एक मोबाइल फोन तथा 30,000 रुपये नगद सहित कुल 13,92,350 रुपये की संपत्ति जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी जागेश वर्मा ने खुलासा किया कि उसने गांजा विजय पुरुषवानी, निवासी रायपुर से प्राप्त किया था। आरोपी विजय पुरुषवानी ने अपने वाहन क्रमांक सी जी 04 एम आर 1015 की डिग्गी में दो बोरियों में भरकर करीब 25 किलो गांजा 17 जनवरी 2026 को धमधा के एक ढाबा के पास सप्लाई किया था। गांजा की कुल कीमत 2,12,500 रुपये तय हुई थी, जिसमें ▶▶| शेष पेज 12 पर

# फुटबॉल क्लब की सराहनीय पहल, माना बंद तालाब परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नगर पंचायत अध्यक्ष रहे उपस्थित



नगर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवागढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा सराहनीय पहल की गई। क्लब के तत्वावधान में नवागढ़ स्थित माना बंद तालाब परिसर में रविवार को व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नवागढ़ फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों के साथ-साथ नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान भी मौजूद रहे।

सफाई अभियान के दौरान तालाब परिसर में फैली गंदगी, प्लास्टिक और कचरे को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने नवागढ़ फुटबॉल क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं द्वारा किए जा रहे ऐसे सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और इससे स्वच्छ नवागढ़ की परिकल्पना साकार होगी। इस अवसर पर नवागढ़ फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष एवं समाजसेवी तोरन रमेश निषाद ने कहा कि जलस्त्रोतों की स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे भी आगे आकर ऐसे अभियानों में सहभागिता करें, ताकि तालाबों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखा जा सके। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी नवागढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा दाऊबंद तालाब में सफाई अभियान चलाकर जलकुंभी हटाई गई थी। क्लब द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक प्रयासों से नगर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# 'मन की बात', प्रधानमंत्री मोदी के विचारों से प्रेरित हुए नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अगुवाई में सामूहिक श्रवण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का रविवार नगर में सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में नवीन बाजार स्थित अमरीका निर्मलकर की दुकान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्षदों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों को पूरे ध्यान और उत्साह के साथ सुना। 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक सहभागिता, जनभागीदारी, सकारात्मक सोच, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और देशहित में नागरिकों की भूमिका जैसे विषयों पर प्रेरक संदेश दिए। उनके विचारों ने उपस्थित जनों को देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है, जो समाज के हर वर्ग को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर विकास तम्बोली, राजू देवांगन, लक्की साहू, नीतू कोठारी, आकिब मलकानी, टिल्लू दाऊ, संदीप यादव, धर्मेंद्र साहू, रोशन दत्ता, अमरीका निर्मलकर, हैतुल्य सिंह, उमेश्वरी साहू, पप्पू देवांगन, निर्भय गोस्वामी, मनोज बक्शी, नरेश साहू, कृष्णा यादव, कालू सलूजा, भूषण तिवारी एवं बलदाऊ सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूती देने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता और सकारात्मक ऊर्जा के संदेश के साथ हुआ।

## छात्र-छात्राओं को अपराध व यातायात नियमों के प्रति किया गया सजग

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत पीजी कॉलेज में चला यातायात जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बिना लाइसेंस वाहन न चलाने व हेलमेट पहनने का दिया संदेश




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा पीजी कॉलेज में यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जेब्रा क्रॉसिंग के सही उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं को सही लेन में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने, मोड़ लेते समय इंडिकेटर का प्रयोग करने, सड़क के बीच वाहन खड़ा न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की समझाइश दी गई। यातायात पुलिस टीम ने यह भी बताया कि वाहन चलाते समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं बीमा दस्तावेजों का होना अनिवार्य है तथा इनमें से किसी एक के अभाव में गंभीर आर्थिक व कानूनी नुकसान हो सकता है। बैनर व पोस्टर के माध्यम से भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल साहू, प्रधान आरक्षक दौलतराम वर्मा, आरक्षक राजेश साहू, पारसमणी साहू सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। वहीं पीजी कॉलेज बेमेतरा की प्राचार्य वीणा त्रिपाठी, शिक्षक- शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। यह जागरूकता अभियान जिले के हॉट बाजारों, स्कूलों एवं कॉलेजों में निरंतर चलाया जा रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बेमेतरा पुलिस का यह प्रयास जनहित में सड़क सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल है।

# नपं भिंभौरी में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता में शामिल हुए पूर्व विधायक छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मड़ई मेला छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत भिंभौरी में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य मड़ई (मड़ई मेला) में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंडई-मड़ई मेला हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति का जीवंत उदाहरण है, जहां आज भी ग्रामीणजन प्रतिवर्ष परंपरागत उत्साह के साथ ऐसे आयोजनों को साकार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल गांवों की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है, बल्कि ग्रामीण एकता, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सुदृढ़ता का भी परिचायक है। राज्य स्तरीय कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने खेलों का समापन करते हुए कहा कि कबड्डी हमारे देश का पारंपरिक खेल है, जो रोमांच के साथ-साथ अनुशासन, समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। ग्रामीण अंचलों में सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट कबड्डी खिलाड़ी निकलना अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और आपसी मेल-मिलाप को भी बढ़ावा देते हैं। ग्राम कोटा में आयोजित इस छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न अंचलों से ▶▶| शेष पेज 12 पर

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बेरला
( पंजीयन क्रमांक- 922 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
शैलेश महेश्वरी
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बेरला
कमलनारायण शर्मा
शाखा प्रबंधक
सुखउ राम कुम्भकार
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बांसा
( पंजीयन क्रमांक- 499 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
प्रहलाद वर्मा
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बांसा
कमलनारायण शर्मा
शाखा प्रबंधक
खिलेन्द्र कुमार
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, गुधेली
( पंजीयन क्रमांक- 85 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
नेतराम परगनिहा
अध्यक्ष
राजकमल साहू
शाखा प्रबंधक
भीमराव खोब्रागड़े
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, हसदा
( पंजीयन क्रमांक- 2033 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
प्रकाश वर्मा
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति हसदा
कृष्ण कुमार यादव
शाखा प्रबंधक
देवलाल सिन्हा
सहायक समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति हसदा

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बारगांव
( पंजीयन क्रमांक- 382 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
नरेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, बारगांव
सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बारगांव
अनिल कुमार यादव
सहायक समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बारगांव

ग्राम पंचायत - कोहड़िया
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
रोहित शिवारे
सरपंच
गजेन्द्र वर्मा
सचिव

साहू परिवार, ग्राम-रेवे, ब्लाक-बेरला, जिला-बेमेतरा
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आशीष छाबड़ा
पूर्व विधायक

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
REPUBLIC DAY
मा. दीपेश साहू जी
विधायक, बेमेतरा
गोपी किशन साहू
समिति प्रबंधक
ताराचंद साहू
अध्यक्ष मो. 6260754776
विनीत- सेवा सहकारी समिति मर्या. कठिया (पं.क्र.1138)

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बेमेतरा
( पंजीयन क्रमांक- 118 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
दोहई लाल वर्मा
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बेमेतरा
श्रवण कुमार जांगडे
शाखा प्रबंधक
विनोद कुमार राजपूत
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति बेमेतरा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
INDIA
मा. दीपेश साहू जी
विधायक, बेमेतरा
तेजराम साहू
समिति प्रबंधक
सुन्दर यादव
अध्यक्ष
विनीत- सेवा सहकारी समिति मर्या. किरीतपुर (पं.क्र.386)

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बीजाभाठ
( पंजीयन क्रमांक- 2047 )
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
रामकुमार निषाद
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बीजाभाठ
एम. सी. अनंत
शाखा प्रबंधक
टिकेन्द्र देवांगन
सहायक समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति बीजाभाठ

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, किरीतपुर
(पंजीयन क्रमांक - 386)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
सुन्दर यादव — अध्यक्ष
एम.सी. अनंत — शाखा प्रबंधक
तेज राम साहू — समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कठिया
(पंजीयन क्रमांक - 1138)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
ताराचंद साहू — अध्यक्ष
एम.सी. अनंत — शाखा प्रबंधक
गोपी किशन साहू — समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सल्धा
(पंजीयन क्रमांक - 378)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
बिसन साहू — अध्यक्ष
रविकांत जगदल्ले — शाखा प्रबंधक
तीजऊराम निर्मलकर — समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, चोगीखपरी
(पंजीयन क्रमांक - 377)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
हरेन्द्र यादव — अध्यक्ष
मनोज कुमार चंद्राकर — शाखा प्रबंधक
नरसिंग साहू — सहायक समिति प्रबंधक
आशीष राजपूत, अजय निषाद (कम्प्यूटर ऑपरेटर), कौशल कुमार, मनोज निषाद

सेवा सहकारी समिति मर्यादित भिंभौरी
(पं.क्र.-990)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
विश्राम निषाद — अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति, भिंभौरी
संतोष कुमार निषाद — प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, भिंभौरी
ललित कुमार सिन्हा — सहायक समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, भिंभौरी

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, अछोली
(पंजीयन क्रमांक - 383)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
सनत कुमार सेन — अध्यक्ष
सनत वर्मा — शाखा प्रबंधक
मनहरण साहू — सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कुसमी
(पंजीयन क्रमांक - 381)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
बृजमोहन साहू — अध्यक्ष
सनत वर्मा — शाखा प्रबंधक
रामकरण वर्मा — सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, खुड़मुड़ा
(पंजीयन क्रमांक - 380)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
विनोद कुमार निषाद — अध्यक्ष
राजकमल साहू — शाखा प्रबंधक
रमन कुमार चौबे — सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सोढ़
(पंजीयन क्रमांक - 389)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
कन्हैया वर्मा — अध्यक्ष
कमल नारायण शर्मा — शाखा प्रबंधक
राकेश वर्मा — सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित मावलीभाठा
(पं.क्र.-384)
की ओर से जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
पितांबर साहू — अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति, मावलीभाठा
कृष्ण कुमार यादव — शाखा प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, मावलीभाठा
यागेश्वर प्रसाद — प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, मावलीभाठा

## खबर संक्षेप



### सूर्य सप्तमी पर निकली शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** शकद्वीपीय ब्राह्मण समाज द्वारा सूर्य सप्तमी के अवसर पर शहर में भगवान सूर्यदेव की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शकद्वीपीय ब्राह्मण समाज द्वारा सूर्य सप्तमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता और अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। सूर्य सप्तमी पर निकली शोभायात्रा शहर के सदर बाजार स्थित महालक्ष्मी मंदिर से उदयाचल मार्ग होते हुए गंज चौक, रामाधीन मार्ग, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक से दुर्गा चौक होते हुए सदर बाजार से महालक्ष्मी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। भगवान सूर्य सप्तमी पर आयोजित इस शोभायात्रा में रथ पर भगवान सूर्यदेव की झांकी बनाई गई थी। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोग भक्ति-भजन में झूमते चल रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, समाज के पदाधिकारी अशोक कुमार शांडिल्य, गौतम शर्मा, जसराज शर्मा, उमेशचंद, मनीष शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

### मताधिकार का करें विवेकपूर्ण उपयोग : कलेक्टर

# मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार के साथ एक संवैधानिक कर्तव्य : विजय

### जिला पंचायत सभाकक्ष में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता ने रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव उपस्थित थे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस को गणतंत्र दिवस के ठीक एक दिन पहले 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संविधान अनुच्छेद 326 भारत के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार के साथ एक संवैधानिक कर्तव्य भी है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के बारे में कहा है कि मतदान का अधिकार जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण निष्पक्ष निर्वाचन है। भारत के युवाओं को 18 वर्ष पूर्ण होने पर मतदान का अधिकार मिल जाता है।



#### सशक्त राष्ट्र का नागरिक बने

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कराना एवं युवाओं को मतदान की प्रक्रिया से जोड़ना है। जिससे मतदाता सशक्त राष्ट्र का नागरिक बनें और देश के विकास में भागीदारी तय कर सके, जो नागरिक मताधिकार का प्रयोग करता है, वह सक्रिय मतदाता है, जो नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं, वह निष्क्रिय मतदाता होते हैं। इससे निष्क्रिय मतदाता की हानि नहीं होती, यह एक संस्थागत हानि होती है।

#### बीएलओ का सम्मान

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश टंडन, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह सहित अन्य अधिकारी, बीएलओ सहित वरिष्ठ दिव्यांग, युवा व अन्य मतदाता उपस्थित थे।

#### मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने सभी को लोकतंत्र के पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सदियों से मतदान हमारे जीवन का हिस्सा रहा होगा। ऐतिहासिक तौर पर भी हमारे देश में जनपदों में लोकतंत्र का स्वरूप रहा है। मतदान का अधिकार एक ऐसी शक्ति है। जिसके माध्यम से नागरिक जनप्रतिनिधि एवं सरकार को चुनते हैं। ब्रिटिश शासनकाल में जनता को अपनी सरकार चुनने का अधिकार नहीं था। ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों के कारण नागरिक मताधिकार एवं अन्य अधिकारों से वंचित रहे। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव विजय कुमार होता ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही नवीन मतदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

## प्रावीण्य सूची के बच्चों को सीएम और राज्यपाल ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सत्र 24-25 और 25-26 में दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले जिले के मेधावी छात्र-छात्रा को राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया।

सत्र 24-25 में कक्षा दसवीं के छात्र चुम्मन लाल पिता नारद राम साहू ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उसे प्रशस्ति पत्र और एक लाख पचास हजार रुपयों का चेक देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सत्र 25-26 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ठाकुरटोला के कक्षा बारहवीं के छात्र धनंजय पिता कृष्णा साहू द्वारा राज्य की टॉप टेन प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने पर उत्कृष्ट शैक्षणिक सफलता को लेकर प्रशस्ति पत्र और एक लाख पचास हजार रुपयों की सम्मान राशि प्रदान की गई। होनहार विद्यार्थियों की सफलता पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, डीईओ लालजी द्विवेदी, नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा आत्माराम साहू, श्रीश कुमार पांडेय सहित संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों व शिक्षकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

### शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव आज

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में आगामी 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक विनोद खांडेकर करेंगे। कार्यक्रम में तिलक सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जनपद सदस्य तुलसी साहू, सरपंच लक्ष्मी वर्मा, उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी आदि शामिल होंगे।

## चित्रकला के विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आधारित एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के आयोजन बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यशाला में चित्रकला विभाग के 52 विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मक दृष्टिकोण और कलात्मक विवेक के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और विचारों को कैनवास पर उकेरा। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने विद्यार्थियों की लगन और तल्लीनता की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी से अपने विषय में आगे बढ़ने और परिवार व विवि का नाम रोशन करने प्रेरित किया। अंबेडकर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुसेन कुमार ने कला के माध्यम से सामाजिक विचारों को अभिव्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आयोजन के लिए कला के क्षेत्र का चयन इसलिए किया गया ताकि युवा कलाकार नई सोच के साथ निरंतर अभ्यास करते हुए श्रेष्ठ कलाकार बन सकें। निर्णायक मंडल में शामिल सहायक प्राध्यापक डॉ रबी नारायण गुप्ता, डॉ छगेंद्र उसेंडी, संदीप किंडो और कपिल सिंह वर्मा ने पांच श्रेष्ठ कृतियों का चयन किया जिसमे प्रथम श्रेयश त्रिपाठी, द्वितीय श्रुति साहू, तृतीय पुष्पेंद्र कुमार केंवट, चतुर्थ अनमोल गोयल और पांचवे स्थान पर अंकित कुमार साहू रहे। सभी विजेताओं को नगद राशि व प्रशस्ति पत्र दिया गया। चित्रकला विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विकास चंद्रा के संयोजन कार्यशाला हुई। सहायक प्राध्यापक कपिल सिंह वर्मा ने अतिथियों, निर्णायकों सहित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## मैकाल सदन में हुई सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मैकाल सदन में जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार की अध्यक्षता मे सामान्य प्रशासन समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न स्थाई समितियों के सभापति और सामान्य प्रशासन समिति सदस्य विक्रांत सिंह, दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, अरुणा सिंह बनाफर, भुनेश्वरी देवांगन, हेमलता मंडावी और जमुना नरेश कुर्रे सहित समिति सचिव व सीईओ प्रेम कुमार पटेल, उपसंचालक पंचायत गीतकुमार सिन्हा सहित विभिन्न योजनाओं के शाखा प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिपं के अनुमानित बजट अध्यक्ष की सहमति से सीईओ द्वारा चर्चा व अनुमोदन के लिए पेश किया गया। बजट के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा बाद सदस्यो ने जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक संशोधनों के साथ अनुमानित बजट को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।



#### क्रियान्वयन पर दिया जोर

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बजट पर चर्चा करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन को लेकर पर्याप्त प्रावधान करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शेष पात्र व्यक्तियों के लिए शौचालय निर्माण सहित एनआरएलएम योजनाओं में विशेष प्रावधान किए जाने कहा साथ ही 15वें वित्त आयोग की राशि से किए जाने वाले कार्यों में संतुलित व प्रभावी प्रावधान सुनिश्चित करने पर बल दिया। अनुमोदन उपरांत बजट जिपं की आगामी सामान्य सभा में अंतिम अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने सभी सदस्यों, अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कारवाई समाप्त की।

## धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गणतंत्र दिवस पर फतेह मैदान में मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर नगर पश्चिम विधायक राजेश मूणत होंगे। ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति, शहीदों के परिजनों से मुलाकात और सम्मान साथ ही पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। शासन की योजनाओं, विकास कार्यों और जनसेवाओं को आम जनता के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने 13 विभागों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व नवाचारों पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इनमें कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य पालन विभाग, यातायात पुलिस, जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शामिल हैं।



#### अंतिम रिहर्सल का किया निरीक्षण

इससे पहले मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने किया। निरीक्षण दौरान उन्होने कार्यक्रम स्थल पर की गई सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित व समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने बैठक व्यवस्था, मंच संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। अंतिम रिहर्सल बाद कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए समंवय के साथ कार्य करने कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## निःस्वार्थ भाव से सभी करें मतदान

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डां अंजना ठाकुर ने निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बीकाम अंतिम की खुशबू देवांगन ने मतदान के महत्व, योगेश स्वस्थ मतदान पर अपने विचार रखे। गोवर्धन कविता पाठ किया। बीएम अंतिम की रितु ने मतदान को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसी प्रकार टिकेश्वरी ने चुनाव आयोग की भूमिका, मिथिलेश ने अधिक से अधिक मतदान पर अपना पक्ष रखा। अतिथि व्याख्याता ओम प्रकाश सहारे ने मतदान पर विस्तृत चर्चा करते हुए 18 वर्ष पूर्ण होने पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेश्वर देवांगन भारतीय चुनाव पर संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ ठाकुर ने मतदान जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने एक वोट की कीमत पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ हेमलता, डॉ लव कुमार वर्मा, योगिता ठाकुर, चांदनी पराते, चंद्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, खेलन साहू उपस्थित थे। संचालन शुभी जैन ने किया।



## गोद ग्राम सोनपुरी में संयुक्त शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाजार अतरिया

- 200 हितग्राहियों का किया गया पंजीयन

ब्लाक मे राज्यपाल के गोद ग्राम सोनुपरी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से विशेष शिविर का आयोजन किया। पेंशन को लेकर पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन, दिव्यांगजनों की पहचान व प्रमाण-पत्र निर्माण सहित मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन उद्देश्य को लेकर आयोजित शिविर में कुल 200 नागरिकों, दिव्यांगजनों व मोतियाबिंद से पीड़ित हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जांच सत्यापन उपरांत 7 दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पात्र और 15 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन के लिए चिन्हांकन किया गया। 25 हितग्राहियों ने पेंशन प्रदाय को लेकर शिविर मे आवेदन दिया।



#### योजनाओं की दी गई जानकारी

समाज कल्याण विभाग की संचालक ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी वहीं जिला पंचायत सीईओ ने गोद ग्राम समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से जारी विकास कार्यों की जानकारी साझा की। शिविर मे पात्र हितग्राहियों को वॉकिंग स्टिक व श्रवण यंत्र दिया गया इसके साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। शिविर में समाज कल्याण विभाग की संचालक रोक्तिमा यादव, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, कमलेश पटेल, सरपंच सीमा वर्मा, सचिव पुनीता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारी मौजूद थे। अंत में सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने समाज कल्याण संचालनालय रायपुर से आमंत्रित अतिथियों का आभार और शिविर संचालन मे सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

## पेज 9 के शेष

### पाटन सपूत मेजर जनरल ...

**परपरियोजना में निभाई ऐतिहासिक भूमिका:** वर्तमान में मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। यह भारत और रूस के बीच एक महत्वपूर्ण संयुक्त रक्षा उपक्रम है, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित संयंत्र में भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक एके-203 असॉल्ट राइफलों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत भारतीय सेना के लिए लगभग 6 लाख राइफलों का निर्माण किया जाना है, जिसकी कुल लागत करीब 5,300 करोड़ रुपये है। यह परियोजना 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम मानी जा रही है। पिछले ढाई वर्षों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्व करते हुए मेजर जनरल शर्मा ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और समयबद्ध निर्माण को नई गति दी है। उनके नेतृत्व में अमेठी संयंत्र आज देश के प्रमुख रक्षा उत्पादन केंद्रों में शामिल हो चुका है। **पाटन से राष्ट्रीय गौरव तक का प्रेरणादायक सफर:** वर्ष 1989 में भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त करने वाले मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा मूल रूप से दुर्ग जिले के पाटन के निवासी हैं। वे अश्वनी कुमार मिश्रा एवं चंपा मिश्रा के सुपुत्र हैं, जो वर्तमान में दुर्ग में निवासरत हैं। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर भारतीय सेना में उच्च पदों तक का उनका यह सफर आज पाटन, दुर्ग और पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

### मेरा भारत, मेरा वोट ...

अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिले द्वारा निर्धारित समय-सीमा में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाना प्रशासनिक दक्षता एवं बूथ लेवल अधिकारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दीप्ति वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, बूथ लेवल अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### गांजा तस्करी में शामिल ...

से 1,29,000 रुपये नगद दिए गए थे। मामले में संलिप्त विजय पुरुषवानी पिता मोहनलाल पुरुषवानी (उम्र 35 वर्ष), निवासी हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर को दिनांक 24 जनवरी 2026 को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल फोन एवं 30,000 रुपये नगद जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस संपूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी देवरबीजा सहायक उप निरीक्षक रेशमलाल भास्कर, प्रधान आरक्षक नंदलाल चतुर्वेदी, आरक्षक रामगोपाल निषाद, साबित गोयल, मुकेश राजपूत, छोटूराम टेम्बुकर सहित अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नपं भिंभौरी में आयोजित ...

कबड्डी एवं चौसर टीमों की सहभागिता सराहनीय है। इसके लिए उन्होंने आयोजकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व विधायक ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका परिचय भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुमित विवेक राजपूत, नेतराम निषाद, चंद्र विजय धीवर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, कमलेश वर्मा, कृष्णा चतुर्वेदी, निहाल परगनिया, देव सिंह साहू, टीकम सिंह वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, जसविंदर संधू, नरेंद्र धीवर, जितेंद्र धीवर, प्रकाश यादव, गुनेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, बुद्धदेव लेवल, चेतन बंजारे, सूर्यकांत परगनिहा, रामगोपाल धीवर, राम अवतार साहू, श्याम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राधेश्याम देशलहरे, विक्की साहू, अजय सेन, मोती साहू, हीरालाल साहू, राजू टेलर, पीयूष वर्मा, उत्कल धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गायत्री महायज्ञ में लोगों ने दी आहूतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी, शांतिकुज हरिद्वार में प्रज्जवलित अखण्ड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को 11 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। एक दिवसीय महायज्ञ में सैंकड़ों लोगों ने आहूतियां दी। गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ मंगलाचरण और देवपूजन से हुआ। पश्चात प्रज्ञा गीत संगीत एवं भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। नवग्रह सहित यज्ञ स्थल के चारों दिशाओं में वास्तु कलशों का पूजन किया गया। यज्ञ का संचालन जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने करते हुए बसंत पर्व के आगमन पर उल्लास और बसंती छटा का बखान करते हुए यज्ञ के महत्व, उसके ज्ञान विज्ञान पर प्रकाश डाला।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130








































संकलनकर्ता - राजेश शर्मा (राजू) हरिभूमि संवाददाता साजा मो. 6260675039

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटर लव कुश को राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मतदाता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित हुआ, जिसमें राज्यभर से निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला बेमेतरा के लिए गौरव का क्षण तब आया जब लव कुश चंद्राकर डाटा एंट्री ऑपरेटर (संभाग दुर्ग) को उत्कृष्ट डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। चंद्राकर को यह सम्मान निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के अंतर्गत तकनीकी दक्षता, शुद्धता, समयबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रदान किया गया। मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने में उनके द्वारा किए गए तकनीकी कार्य को राज्य स्तर पर विशेष रूप से सराहा गया। राज्य स्तरीय समारोह में यह सम्मान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च लोकायुक्त महोदय, छत्तीसगढ़ के कर-कमलों से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीकी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे कर्मियों का सम्मान अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट तकनीकी योगदान




### दी बधाई

इस उपलब्धि पर जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर बेमेतरा, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लव कुश चंद्राकर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जिला बेमेतरा की प्रशासनिक एवं तकनीकी दक्षता का भी प्रमाण है। राज्य स्तरीय मतदाता दिवस समारोह का उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाना, मतदाता जागरूकता बढ़ाना एवं निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करना रहा।

## खबर संक्षेप



### महिला कमांडो सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण

**भिलाई।** महिला कमांडो को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण धमधा क्षेत्र के ग्राम दारागांव में दिया गया। इस दौरान प्रेरणा सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम रहीं। सम्मेलन में दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम जिलों के 40 गांवों से 200 महिला कमांडो पहुंची थी। महिला कमांडो को सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कानून के दायरे में रहकर कार्य करने, किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लेने एवं शांतिपूर्ण तरीके से जागरूकता अभियान चलाने की जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस में आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा,विधिक सीमाएं में सदैव कानून के दायरे में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। अनुशासन किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लेने, जागरूकता अभियान के तहत सामाजिक जागरूकता अभियान शांतिपूर्ण एवं वैधानिक तरीके से संचालित करना, पुलिस समन्वय आपदा/आपात स्थिति में पुलिस व प्रशासन से बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गयाष कार्यक्रम में एएसपी ग्रामीण मणीशंकर चंद्रा ने महिला कमांडो को टोपी एवं बैच प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ हिट एंड रन का अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर अग्रसेन चौक के पास कल्याण ज्वेलर्स के सामने हुई। सेक्टर 10 निवासी मोहना मेश्राम भाई मुकेश कुमार गजभिये के साथ बाइक सीजी 07 एजी 4135 में सवार होकर पर नेहरू नगर की ओर जा रहे थे। तभी अज्ञात कार चालक तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में मोहना मेश्राम के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। मोहना को तुरंत उपचार के लिए सुपेला ले जाया गया। जहां गंभीर हालत के कारण उन्हें निगरानी में रखा गया था। जहां महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतिका के परिजनों और मुकेश कुमार, विवेक कुमार मेश्राम, नितेश , अमित खोब्रागढ़े जयंत खोब्रागढ़े का भी बयान दर्ज किया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

### भिलाई-चरोदा निगम में टैक्स वसूली को लेकर अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में टैक्स वसूली को लेकर सिरसाकला और सोमनी वार्ड में वसूली करने शिविर लगाया गया। निगम कर्मियो द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरीक्षण करने निगम आयुक्त डीएस राजपूत पहुंचे थे। महापौर निर्मल कोसरे और आयुक्त के निर्देश पर निगम का राजस्व विभाग ने टैक्स कलेक्शन अभियान चलाया है। निगम के 2 दल अलग अलग वार्डो में घर -घर ,गांव -गांव पहंच रही है। निगम द्वारा संपत्तीकर -समेकित कर, जलकर , भू-भाटक , शिक्षा उपकर, समेत यूजर चार्ज वसूली करने का अभियान चल रहा है। इसमें जल प्रदाय विभाग की ओर से जलकर राशि वसूल करना, संपदा और राजस्व विभाग द्वारा अन्य करो की वसूल करने कवायद तेज कर दी गई है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## विडंबना : प्रतिबंध कागजों में, जमीनी हकीकत में खुलेआम कारोबार

# जिले में प्रतिबंध बेअसर, खुलेआम बिक रहे जर्दायुक्त गुटखा और पॉलीथिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

सरकारी प्रतिबंध और नियम-कानून अब जिले में केवल फाइलों और आदेशों तक ही सीमित रह गए हैं। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पॉलीथिन, जर्दायुक्त मसाला, गुटखा खुलेआम बेची जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध कारोबार बिना किसी डर और रोक-टोक के जारी है, प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखा और मसाले न केवल कानून का खुला उल्लंघन हैं, बल्कि आमजन की सेहत के साथ भी सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं। स्कूल-कॉलेज के आसपास, पान ठेलों, किराना दुकानों और ग्रामीण हाट- बाजारों में यह धड़ल्ले से बिक रही है, जिससे युवा और बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। घटिया गुणवत्ता की डुप्लीकेट सामग्री स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। नियमों के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नगर पालिका, आबकारी और अन्य संबंधित विभागों की यह जिम्मेदारी है कि वे नियमित जांच और सख्त कार्रवाई करें, लेकिन मैदानी स्तर पर कार्रवाई न के बराबर नजर आ रही है। कार्रवाई के अभाव में अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। या फिर अवैध कारोबारियों को किसी तरह का संरक्षण प्राप्त है? यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसका खामियाजा आम जनता को बीमारी, नशे और आर्थिक नुकसान के रूप में भुगतना पड़ेगा। जिले की जनता अब प्रशासन से केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रही है।

■ स्कूल-कॉलेज के आसपास भी धड़ल्ले से बिक्री



### पॉलीथिन पर प्रतिबंध, पर सड़कों पर प्लास्टिक का साम्राज्य

सिंगल यूज़ पॉलीथिन पर प्रतिबंध के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। बाजारों में पॉलीथिन की थैलियां धड़ल्ले से दी जा रही हैं। इससे नालियां जाम, पर्यावरण प्रदूषित और स्वच्छता अभियान मज़ाक बनकर रह गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नगर पालिका, आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन—सबकी जिम्मेदारी तय होने के बावजूद जमीनी कार्रवाई नगण्य है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई होती भी है, तो कुछ ही दिनों में हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। सवाल यह है कि नियमित जांच क्यों नहीं? बड़े सप्लायर और थोक कारोबारी अब तक क्यों नहीं पकड़े गए? क्या कार्रवाई केवल छोटे दुकानदारों तक सीमित है।

राज्य सरकार द्वारा जर्दायुक्त गुटखा और मसाले पर स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद पान ठेले, किराना दुकानें, ढाबे और हाट-बाजार इन उत्पादों से अटे पड़े हैं। पैकेट पर भले ही "तंबाकू मुक्त" जैसे शब्द लिखे हों, लेकिन अंदर जर्दा और तंबाकू की मौजूदगी किसी से छिपी नहीं है। यह प्रतिबंध को चकमा देने का खुला खेल है।

### युवाओं और बच्चों को बनाया जा रहा निशाना

सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि यह नशीला ज़हर स्कूल-कॉलेज परिसरों के आसपास खुलेआम बिक रहा है। कम कीमत, आसान उपलब्धता और ढीली निगरानी के कारण नाबालिग और युवा तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। डॉक्टरों का मानना है कि इससे कैंसर, मुंह और गले की गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, लेकिन प्रशासन को यह खतरा दिखाई नहीं दे रहा। खाद्य सामग्री, मसाले, चाय, नमकीन और अन्य रोजमर्रा के उत्पादों में नामचीन ब्रांडों के लेबल लगाकर नकली माल बेचा जा रहा है। पैकिंग इतनी शातिर है कि आम उपभोक्ता असली-नकली की पहचान नहीं कर पा रहा। नतीजा—लोग असली कीमत चुकाकर घटिया और खतरनाक सामग्री खरीदने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक धोखाधड़ी नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य पर सीधा हमला है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मितानिन, गर्भवती महिलाएं, मरीज एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों से संबंधित अधिनियमों की जानकारी देकर समाज में जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की थीम "छत्तीसगढ़ का प्रण – हर बेटी को जीवन, एवं बेटियों का जन्म उत्सव, समानता का उत्सव" रखी गई।

बालिका दिवस की जानकारी कार्यक्रम में गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. सत्य प्रकाश कोसरिया ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। सोनोलॉजिस्ट डॉ. बुद्धेश्वर वर्मा ने बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं को शिक्षा पाने तथा सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में जीवन जीने का पूरा अधिकार है। साथ ही उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार तिवारी, प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग) द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया।

### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. लोकेश साहू, सिविल सर्जन

डॉ. एस.पी. कोसरिया, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. बुद्धेश्वर वर्मा, सोनोलॉजिस्ट डॉ. भेखराम साहू, चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार तिवारी, प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी मितानिन, गर्भवती महिलाएं, मरीजों के परिजन जिला चिकित्सालय बेमेतरा के समस्त डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भिलाई की एटमास्टको लिमिटेड बनी राष्ट्रीय सुरक्षा की भागीदार : राज्यपाल रमेन डेका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने नंदनी स्थित रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी एटमास्टको लिमिटेड की बुलेटप्रूफ जैकेट एवं हेलमेट निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने फीता काटकर फैक्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आज भिलाई के औद्योगिक केंद्र से उभरती एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी देखकर बेहद खुशी हो रही है। 35 वर्षों से अधिक समय से, एटमास्टको समूह छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, यह साबित करते हुए कि स्थानीय विशेषज्ञता वास्तव में राष्ट्रीय स्तर की सफलता हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि सन 1987 में भिलाई में एक छोटी सी शुरुआत से, एटमास्टको एक शक्तिशाली औद्योगिक ताकत के रूप में विकसित हुई है। एक महत्वपूर्ण मोड़ फरवरी 2024 में आया, जब एटमास्टको लिमिटेड ने एनएसई पर सूचीबद्ध होकर आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर कदम रखा। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह एक ऐसी कंपनी है जो ज़िम्मेदारी के महत्व को समझती है। यह कंपनी हर साल 20 हजार मीट्रिक टन भारी इंजीनियरिंग निर्मित स्टील का उत्पादन करती है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह समुदाय के लिए जीवन रेखा है, जो उन्हें सर्विस देते हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित एटमास्टको ने टाटा स्टील, अडानी, वेदांता, एलएंडटी, भेल, एनटीपीसी जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी करते हुए देशभर में कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा एवं स्टील परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर निर्मित विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे पुल भी शामिल है। यह दो हजार परिवारों को आजीविका प्रदान करती है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 350 करोड़ रुपये का योगदान देती है।

## छग स्तरीय कबड्डी-चौसर प्रतियोगिता, मड़ई व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला

नगर पंचायत भिंभौरी, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य मंडई, कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी 2026, शुक्रवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित इस आयोजन में पारंपरिक खेलों के साथ-साथ लोकसंस्कृति, सामाजिक समरसता एवं खेल भावना का सुंदर संगम देखने को मिला। दिनभर कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार अनुराग शर्मा की "स्टार नाइट्स" प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते ही भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी का आयोजक समिति एवं नगरवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

■ कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाड़ियों की भागीदारी



उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, संस्कृति और नवचेतना का उत्सव है। यह पर्व हमें नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मंडई, खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामीण जीवन की आत्मा होते हैं, जो समाज को जोड़ने, परंपराओं को जीवित रखने और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। योगेश तिवारी ने विशेष रूप से कबड्डी और चौसर जैसे पारंपरिक खेलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि साहस, रणनीति, फुर्ती और आत्मविश्वास का प्रतीक है। यह खेल शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक संतुलन और निर्णय क्षमता को भी विकसित करता है।उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे खेल गांवों की मिट्टी से जुड़े हुए हैं और आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि चौसर जैसे पारंपरिक खेल हमारी लोकसंस्कृति और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं, जो परिवार और समाज को एक साथ जोड़ते हैं। ऐसे खेलों के माध्यम से आपसी संवाद, धैर्य और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित होती है, जिसे आज के डिजिटल युग में संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। योगेश तिवारी ने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सकारात्मक सोच का निर्माण करते हैं। ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को नशा, अपराध और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ विचारों को भी विकसित करें। उन्होंने आयोजकों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि नगर पंचायत भिंभौरी द्वारा लगातार ऐसे सांस्कृतिक, खेल और पारंपरिक आयोजनों का आयोजन कर छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत को जीवित रखा जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है।

ऐसे आयोजनों से न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक चेतना भी सुदृढ़ होती है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष लोकेश सिन्हा,सोमेश पाटिल, सचिव विक्रम साहू, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू (विक्की), विजय धीवर, रवि वर्मा, राहुल साहू, लिकेश साहू, दुर्जन यादव, चिरंजीत धीवर, गजेन्द्र यादव, शीतल साहू सेवाराम पाठक, लेखराम साहू, टीकम सिंह वर्मा, देवसिंह साहू, डॉ. साहू, श्याम वर्मा, सूर्यकांत परगनिहा, अजय कुमार वर्मा सनत सिन्हा,सहित आयोजन समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में नगरवासी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार भव्य आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## कलश यात्रा से हुआ समारोह का शुभारंभ

# बहेरा में भव्य श्रीराम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह 27 को एवं अखंड नवधा रामायण का समारोह 28 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर दूर बेमेतरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम बहेरा में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड नवधा रामायण का समारोह आयोजित होने जा रहा है।

25 जनवरी कलश यात्रा, 26 को वेदी पूजन और 27 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। वही 28 तारीख से 31 तारीख तक अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन है। इस पुण्य कार्य में गाँव के ही नहीं बल्कि दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु जुड़कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता दें रहे है। बता दें की श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों से जारी था। जो अब जाकर पूर्ण हुआ है। समारोह का भव्य आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है, यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न होगा। समारोह का शुभारम्भ विधिवत पूजा-अर्चना एवं भव्य कलश यात्रा के साथ ही यह कार्यक्रम शुरु हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धांलु महिलाएं एवं युवा वर्ग पारम्परिक वेशभूषा में शामिल हुए। जिसमें भगवान की प्रतिमा को पूरे गाँव में भ्रमण कराया गया। जिससे गाँव का वातावरण भक्तिमय हो। इस पावन आयोजन के तैयारी से ही ग्राम में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है एवं आपसी सद्भभाव और सामाजिक एकता की झलक भी देखने को मिल रहा है। मंदिर में प्रभु श्रीराम जी के विराजमान होने की सभी श्रद्धांलु को बेसब्री से इंतजार है इस पुनीत कार्य के व्यवस्थापक श्रीअखंड नवधा रामायण समिति एवं मां जानकी महिला सेवा समिति है, इस कार्यक्रम में टेकराम साहू, अशोक निर्मलकर, हीराराम सिन्हा (संरक्षक) बलराम साहू अध्यक्ष, बृजमोहन सिन्हा उपाध्यक्ष, घनश्याम निषाद कोषाध्यक्ष, खेलेन्द्र पाटिल सचिव, संतोष ध्रुव सहसचिव, पोषण कुमार साहू मंच संचालन की भूमिका निभाएंगे। समस्त ग्रामवासी बहुत उत्साह से इस आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग प्रदान कर रहे है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411